प्रथम पृष्ठ के शेष

संसद की सुरक्षा भेदने में शामिल छठा आरोपी...

महेश को भी 13 दिसंबर को संसद में हंगामा वाली घटना में शामिल होना था, लेकिन फिर बाद में यह तय हुआ कि जब घटना को अंजाम देकर सभी फरार होंगे, तब उन्हें राय देने और उनके ठहरने आदि का बंदोबस्त करने के लिए कौन होगा। इसके बाद यह तय हुआ कि महेश नागौर में ही रहेगा। महेश को फरार आरोपियों को रुकने का इंतजाम करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। महेश का दिल्ली आने का प्लान रद्द हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद ललित झा जब 13 दिसंबर की रात 10 बजे दिल्ली से नागौर जाने वाली बस से नागौर पहुंचा तो महेश ने होटल में उसके रुकने का इंतजाम करवाया। दिल्ली पुलिस जब इनको ढूंढने लगी, तब बृहस्पतिवार देर रात दोनों नागौर से दिल्ली आ गए और थाने में सरेंडर कर दिया।

स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि ललित झा और महेश ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने सुबूत मिटाने के लिए पांच मोबाइल फोन जला दिए। ललित के पास चार साथियों के मोबाइल फोन थे। घटना को अंजाम देने से पहले सागर शर्मा, अमोल शिंदे, नीलम आजाद और मनोरंजन गौड़ ने अपने अपने मोबाइल ललित को सौंप दिये थे। घटना को अंजाम देने के बाद ललित संसद भवन के गेट नंबर एक के पास अपने मोबाइल से घटना का वीडियो बना उसे इंस्टाग्राम पर अपलोड करने के बाद मौके से भाग गया था। वह बस पकड़ कर नागौर चला गया था। वहां महेश ने उसे रुकने के लिए एक होटल में इंतजाम किया था।

उन्होंने बताया कि रास्ते से ललित ने वीडियो कोलकाता में रहने वाले एक एनजीओ संचालक को भेज दिया था और उस वीडियो को उसे सुरक्षित रखे रहने की बात कही थी। इसके बाद उनसे महेश के साथ मिलकर अपना और अन्य चारों आरोपियों के मोबाइल को अगले दिन नौगोर में जला दिया था। इससे पुलिस को ललित झा के मोबाइल की आखिरी लोकेशन मिल गई थी। उसके बाद उसके बारे में पता नहीं चल रहा था। पुलिस का कहना है कि संसद की सुरक्षा में सेंध लगा केंद्र सरकार के खिलाफ टूल किट जैसी साजिश रचने में ललित झा और महेश का बड़ा रोल था। महेश , राजस्थान के नागौर जिले का रहने वाला है और मजदूरी करता था। मोबाइल कॉल डिटेल रिकार्ड से पता चला है कि महेश की नीलम आजाद से भी बात होती थी। सभी आरोपियों की भगत सिंह फैन क्लब पेज पर ही मुलाकात हुई थी।

महिला के शव की आंखें गायब होने पर बदायूं के...

बाद जब शव का बैग खोला तो उसमें पूजा की दोनों आंखे नहीं थीं। आरोप है कि लालच में शव का अपमान कराया गया। इस संबंध में परिजनों ने जिलाधिकारी से शिकायत की। बीती 11 दिसंबर को अपर जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई। त्रिस्तरीय जाँच समिति ने 12 दिसंबर को रिपोर्ट तैयार की। जिसमें पोस्टमार्टम टीम दोषी पायी गयी। बदायूं के मुख्य चिकित्साधिकारी ने अपने दायित्वों का निवर्हन सजग होकर नहीं किया था। जिस पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने घटना पर नाराजगी जाहिर की, और बदायूं के सीएमओ डॉ.प्रदीप वार्ष्णेय को अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाह पाया। जांचोपरांत डॉ. प्रदीप को निलंबित करते हुए लखनऊ से सम्बद्ध कर दिया गया है। महिला के शव का प्रथम बार पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकों एवं अन्य कार्मिकों का विवरण जुटाने के लिए बरेली के अपर निदेशक को निर्देशित किया गया है।

जिम्मेदारी से व्यवहार करे विपक्ष-प्रह्लाद जोशी

वहीं, केन्द्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह सदन की कार्यवाही बाधित करके सरकार की उपलब्धियों से ध्यान हटाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि आदेश पहले ही दिया जा चुका है और इस मुद्दे की जांच तेजी से की जा रही है। इस बीच, कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार सुरक्षा में सेंध के मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रही है। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने संवाददाताओं से बातचीत में सरकार से सवाल किया कि इस मुद्दे पर गृहमंत्री बयान देने के लिए तैयार क्यों नहीं हैं।

मुख्तार दोषी करार, साढ़े पांच साल की सजा

अदालत ने सुनाया। सुनवाई के दौरान संयुक्त निदेशक अभियोजन हरकिशोर सिंह और वादी के अधिवक्ता विधानचंद यादव और ओपी सिंह ने अभियोजन का पक्ष रखा। बांदा जेल में बंद मुख्तार के हस्ताक्षर के बाद फैसला बाहर आयेगा। बता दें कि रुंगटा को धमकी देने के मामले में गुरुवार को आरोपी मुख्तार अंसारी का बयान अदालत में दर्ज किया गया। बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश हुआ। विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी-एमएलए) उज्वल उपाध्याय की अदालत में विचाराधीन इस मामले में अदालत द्वारा जो सवाल पूछा गया, मुख्तार अंसारी ने उसका जवाब दिया। अदालत ने अगली सुनवाई और आरोपी का लिखित कथन दाखिल करने के लिए 17 अगस्त की तिथि नियत की है। रवींद्रपुरी कॉलोनी निवासी कोयला व्यवसायी नंद किशोर रुंगटा का 22 जनवरी 1997 को अपहरण किया गया था। इस मुकदमे की विवेचना के बीच पांच नवंबर 1997 की शाम नंद किशोर रुंगटा के भाई महावीर प्रसाद रुंगटा को फोन कर धमकी दी गई कि अपहरण कांड की पैरवी न करें, नहीं तो बम से उड़ा दिया जाएगा। इस मामले में एक दिसंबर 1997 को भेलूपुर थाने में मुख्तार अंसारी के खिलाफ धमकाने का मुकदमा दर्ज किया गया था।

बिना वीजा ईरान घूम सकेंगे भारतीय

भारत और ईरान के बीच घनिष्ठ संबंध रहे हैं और चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट में भारत की प्रमुख हिस्सेदारी है. पिछले साल अगस्त में दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान ईरान इस संगठन में शामिल हुआ था। भारत ब्रिक्स का अहम सदस्य है। ईरान 1 जनवरी 2024 को आधिकारिक तौर पर ब्रिक्स का सदस्य बन जाएगा। ईरान ने 26 नवंबर को 18वें भारत-ईरान विदेश कार्यालय परामर्श की मेजबानी की थी जिसमें विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने हिस्सा लिया था. यात्रा के बाद विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने व्यापार और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए आगे उठाए जाने वाले कदमों पर चर्चा की है।

इस बैठक के बाद ही खबर आई है कि ईरान ने भारतीय नागरिकों के लिए वीजा फ्री एंट्री की घोषणा की है. अमेरिकी प्रतिबंध झेल रहे ईरान के इस कदम को मित्र देशों के साथ संबंध मजबूत करने की एक कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

पुलिस मुठभेड़ में बदमाश घायल

बल्केश्वर में दिनदहाड़े एक्टिवा लूटने वाले लुटेरे पुलिस ने दबोचे

आगरा। थाना कमलानगर क्षेत्र के बल्केश्वर में दिनदहाडे एक्टिव लूटेरों को पुलिस ने दबोच लिया, मुठभेड के दोरान एक बदमाश के पैर में गोली है। घायल को पुलिस ने एसएन अस्पताल में भर्ती करा दिया, वहीं दूसरे बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटी गई एक्टिवा बरामद कर ली। पुलिस ने सिरसागंज निवासी प्रिंस यादव उर्फ काली पुत्र धर्मेन्द्र नगला केहरी निवासी एवं अमन बघेल पुत्र विजेन्द्र सिंह निवासी प्रदीप राम बिहार कॉलोनी थाना ट्रांसयमुना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रिंस यादव मुठभेड में घायल हुआ है, जिसे एसएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बतादें कि थाना कमलानगर क्षेत्र के बल्केश्वर में शुक्रवार को दिनदहाडे लूट की वारदात से हडकम्प मच गया, कारोवारी दहशत में हैं। बदमाश युवक से एक्टिवा लूट कर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली, सीसीटीवी फुटैज को खंगाला, बदमाशों को पकडने के लिए पुलिस की चार टीमों का गठन किया गया है जो कि लुटरों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि यमुनापार ट्रांसयमुना कॉलोनी फेस-1, शारदा कॉम्पलेक्स निवासी राम कुमार गुप्ता बल्केश्वर स्थित गुरूद्वारे के समीप किराने की दुकान चलाते हैं। शुक्रवार को उनका 23 वर्षीय बेटा उद्देश्य गुप्ता दोपहर 12 बजे के करीब बल्केश्वर टीले से चाय लेकर वापस लौट रहा था कि इसी दौरान वाइक सवार दो बदमाशों ने उसे ओवरटेक कर रोक लिया। तभी दूसरे बदमाश ने उद्देश्य गुप्ता के कान पर तमंचा सटा दिया, इससे वह घबरा गया। बदमाशों ने उससे एक्टिवा छीन ली और फरार हो गए। दिनदहाडे हुई लूट की वारदात से बल्केश्वर में हडकम्प मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। उद्देश्य गुप्ता ने पुलिस को बताया कि बदमाशों ने तमंचा दिखा कर एक्टिवा लूट ली। तमंचा देख वह डर गया और भाग कर समीप ही एक घर में अपनी जान बचाई। वाइक पर दो बदमाश थे, एक बदमाश एक्टिवा को लेकर फरार हो गया, उसके पीछे दूसरा बदमाश वाइक लेकर दौड रहा था। पुलिस ने घटना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे की फुटैज को खंगाला।

छापे के बाद सलोनी ग्रुप ने 2.15 करोड़ रुपए जमा कराये

आगरा। प्रदेश के जानेमाने सलोनी ब्रांड तेल सरसों महेश एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज और इसकी अन्य ब्रांचों पर एसजीएसटी का सर्वे शुक्रवार को समाप्त हो गया। छानवीन में दौरान अधिकारियों ने बडी कर चोरी पकडी है। मामले का खुलासा होने पर सलोनी ग्रुप ने2.15 करोड़ जमा करा दिये। बतादें कि नामचीन ब्रांडेड सरसों को तेल बनाने वाली कंपनी के जिले में शमसाबाद और दिगनेर में बडे प्लांट हैं। जहां सरसों के तेल का उत्पादन किया जाता है। गुरूवार को एसजीएसटी टीम ने कंपनी के 42 प्रतिष्ठानों पर देशभर में एक साथ कार्यवाही की। दिगनेर और शमसाबाद में सौ से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों ने दस्तावेजों की छानवीन की। जांच पडताल के दौरान कम्प्यूटर की हार्ड डिस्क ने कर चोरी की परतें खोल दीं। प्रदेश में जहां भी सलोनी की ब्रांच हैं, वहां दस्तावेज खंगाले गए। विभागीय अधिकारी पिछले 20 घंटे तक जांच पडताल में जुटे रहे। जांच के दौरान फर्जी फर्मों से खरीद, इनएलिजिबल आईटीसी, ई-वे बिल का दुरूपयोग करते पाया गया। साथ ही स्टॉक में भारी अंतर मिला। छानीवन के बाद शुक्रवार को सनोनी ग्रुप ने 2.15 करोड रूप्ये मौके पर ही जमा करा दिये। अधिकारियों ने भारी मात्रा में बरामद फर्जी दस्तावेज सील कर दिये। फर्जी कागजों के आधार पर किया गए व्यापार को लेकर विभाग अग्रिम कार्यवाही करेगा। जांच की कमान सर्वजीत एडिशनल कमिश्नर ग्रेट-टू के निर्देशन में की गई। कार्यवाहीमें आगरा जोन के 25 उपायुक्त, 40 सहायक आयुक्त, 50 राज्यकर अधिकारी के अलावा अन्य जोन के लगभग 100 अधिकारी शामिल थे। छापे की कार्यवाही से खाद्य तेल कारोवारियों में हडकम्प मच गया। वह अपने प्रतिष्ठान बंद कर अंडर ग्राउंड हो गए। विभाग के रडार पर बडी मछलियां है, प्रदेश स्तर के एसजीएसटी अधिकारी कर चोरी पकडने में जुटे हुए हैं।

ग्वालियर हाइवे खारी नदी पुल पर दर्दनाक हादसा, अज्ञात वाहन ने ऑटो को रौंदा

दो लोगों की मौके पर ही मौत

शव पोस्टमार्टम को भेजे, घर में मचा कोहराम, परिजन घटना स्थल पहुंचे

खारी नदी का पुल बना मौत का सबब, घटनास्थल पर पुलिस और जमा भीड़। छाया: आज

आगरा। थाना इरादतनगर क्षेत्र में शुक्रवार को आगरा-ग्वालियर हाइवे पर किसी अज्ञात वाहन ने एक ऑटो को रौंद दिया जिससे दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शवों की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। मौत की सूचना मिलने पर घर में कोहराम मच गया। हादसे में दो अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटैज को खंगाल रही है, जिससे वाहन चालक को पकडा जाये। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शुक्रवार को ऑटो आगरा-ग्वालियर हाइवे खारी नदी के पुल से एक ऑटो चालक सवारियों को लेकर इरादतनगर की ओर जा रहा था इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने ऑटो को रौंद दिया। ऑटो में चीखपुकार सुन गांव वाले मदद को दौडे। वाहन चालक ऑटो को खींचता ले गया। वाहन चालक को इसकी जानकारी नहीं थी, वाहन में फंसा ऑटो काफी दूर जाकर पलट गया, जिसमें सवार दो लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। गांव वालों ने अन्य सवारियों को भारी मशक्कत के बाद बाहर निकाला, सवारियां ऑटो में फंसी थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने शवों की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम को भेज दिया, दो लोग हादसे में गम्भीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से हॉस्पीटल में भर्ती कराया, बताया गया है कि घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। थाना इरादतनगर पुलिस ने घटना स्थल के आसपास सीसीटीवी फुटैज को खंगाला है, जिससे वाहन चालक की जानकारी मिल सके। हादसे की सूचना मिलने पर घर में कोहराम मच गया, परिजन पोस्टमार्टम गृह पहुंच गए।

विद्युत चैकिंग टीम को दबंगों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

सरकारी दस्तावेज फाड़े, अभियंता का मोबाइल तोड़ा, संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज, पुलिस छानवीन में जुटी

विद्युतकर्मी आपबीती सुनाते। ----------छाया: आज

आगरा। थाना बासोनी क्षेत्र के गांव गोपीपुरा में शुक्रवार को चैकिंग के दौरान दबंगों ने विद्युत टीम को दौडा-दौडा कर पीटा। दबंगों ने सरकारी दस्तावेज फाड दिये, अभियंता का मोबाइल तोड दिया। टीम ने भाग कर अपनी जान बचाई। पीडित विद्युत कर्मियों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संगीन धाराओं में केस दर्ज किया है। हमलावर फरार हो गए। बतादें कि सरकार की ओटीएस योजना को लेकर विद्युत टीमें गांव-गांव जाकर बकाया की वसूली में जुटी हुई है। विद्युत उपभोक्ताओं पर विभाग का हजारों करोड रूप्ये बकाया है, इसके अलावा बकायदारों के विद्युत कनेक्शन भी काटे जा रहे हैं। गुरूवार को गांव कुकधरी के गांव गोपीपुरा में विद्युत टीम ओटीएस योजना को लेकर पहुंची थी। विद्युत अभियंता हेमराज ने बताया कि वह गांव के रामरतन सिंह के घर पर मीटर चैक कर रहे थे, उस पर विभाग का 12 हजार रूप्ये बकाया है, इसलिए उसका कनेक्शन काटा जा रहा था, उससे ओटीएस योजना के तहत पैसा जमा कराने को कहा था किन्तु उसने पैसा जमा कराने से इंकार कर दिया।

विद्युत कनेक्शन काटे जाने पर रामरतन और उसका बेटा बोखला गया, जिन्होंने अपने साथियों संग टीम पर जानलेवा हमला बोल दिया। हमलावर लाठी-डंडो से लैस थे। विद्युत कर्मियों को रामरतन और उसके बेटे ने दौडा-दौडा कर पीटा, इससे कर्मियों को गहरी चोट आई है। अभियंता का कहना था कि हमलावरों ने उनके सरकारी दस्तावेज फाड दिया, उनका मोबाइल भी तोड दिया। टीम ने किसी तरह दौड कर अपनी जान बचाई वरना बडी घटना हो जाती। संविदाकर्मी वीरी सिंह ने बताया कि रामरतन के बेटे ने उसे भद्दी-भद्दी गालियां जिसकी रिकॉर्डिंग उसके मोबाइल में हैं।

बताया गया है कि चार लोगों ने एक साथ हमला बोला, एक संविदाकर्मी के जेब में 3600 रूप्ये थे जो कि हमलावरों ने छीन लिये। टीम के सदस्यों ने जान बचाते हुए किसी तरह 112 पर डायल किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने टीम को बचाया। विद्युत अभियंता ने हमलावरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है, पुलिस मामले की छानवीन में जुटी है। फिलहाल हमलावर फरार है, पुलिस का कहना है कि आरोपियों के अग्रिम कार्यवाही की जा रही है, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

जेबकतरा 26 हजार की नकदी ले गया

आगरा। फतेहाबाद में एक जेबकतरे की हाथ की सफाई देखकर आप भी हैरान हो जाएंगे। मैरिज होम के गेट पर दूल्हे की एंट्री के समय डांस करते बाराती को जेबकतरे ने अपना निशाना बनाया, जिसका वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। 20 सेकेंड के वीडियो में देख सकते हैं कि शादी में शामिल होने आए एक युवक की जेब से 26 हजार रुपये की नगदी निकालकर चोर फरार हो गया। बारातियों के मोबाइल फोन में डांस की वीडियो में चोर की करतूत कैद हो गयी थी।

घटना उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के फतेहाबाद का है। 10 दिसंबर को यहां एक मैरिज होम में गांव में एक लड़की की बारात आई थी। मैरिज होम के गेट पर दूल्हे की एंट्री के समय सभी बाराती डांस कर रहे थे। तभी मौका देखकर एक व्यक्ति बारात में शामिल हो गया। कोई उस पर शक न करे, इसलिए वह अच्छे कपड़े भी पहनकर आया था। जेबकतरा चोरी के इरादे से एक बाराती के पास खड़ा हो गया और अपने हाथ को बड़ी सावधानी से उसकी जेब में घुसाने लगा। देखते ही देखते जेबकतरा बड़ी सफाई से बाराती की जेब में रखी नगदी को चुराकर फरार हो गया।

HDFC BANK
We understand your world

AUCTION NOTICE FOR GOLD ORNAMENTS

The borrower (s) (whose details are provided in the table herein below), in particular, and the public, in general, are hereby informed that the below mentioned Loan account is overdue, and the borrower account holder has not responded to/complied with the communications and notices send by HDFC Bank Limited (the"Bank") requesting the Borrower to clear his/her/ their dues as per the documents in respect of the below mentioned Loan signed/accepted by the borrower (such documents, collectively "Loan Agreement") and therefore defaulted in terms thereof . The Bank has in exercise of its rights as a pledgee, decided to enforce the pledge and therefore hold a public auction of the gold ornaments pledged to the Bank as security for the loan for the purpose of selling the same and realizing / recovering the dues owed by the borrower to the Bank. **Kindly refer the below auctions schedule. In the event the auction of any pledged security cannot be conducted or concluded on the date mentioned below. Bank reserves the right to conduct or proceed with the said auction on any subsequent date.**

Auctions Date	Loan No	Borrower`s Name	Loan Amount	Place of Auction
26-12-2023	73940843	Durgaish Sharma	239000	**HDFC Bank Ltd.,** Ground Flr Tarun Valley Kwarasi Ramghat Rd Aligarh, U.P.-202001
26-12-2023	73464608	Poonam Singh	271500	**HDFC Bank Ltd.,**No 05/42 GT Road Masoodabad Chowk,Aligarh-202001
26-12-2023	74149476	Chandra Vati	304576	**HDFC Bank Ltd.,** Shop Nos 3,4,11 Ground Floor, Block No 17/2/4 Friends Plaza, Sanjay Place, Agra Uttar Pradesh -282002

The auction shall be conducted on an "AS IS WHERE" and the "AS IS WHAT IS" basis and the Bank is not making and shall not make any representations or warranties as regards the quality, purity, caratage, weight or valuation of the said gold ornaments. It shall be the sole and absolute responsibility of the potential purchasers to verify, examine and satisfy themselves about the quality, purity, caratage, weight or valuation of the said gold ornaments prior to placing their bids and for such purpose it shall be open to potential purchasers to examine , at their sole cost and expense, and at the address set out hereinabove, the gold ornaments whether with or without expert advice 45 minutes prior to the time stipulated for the conduct of the auction. All bids shall be subject to such minimum reserve price as the Bank may deem fit to fix in this regard. The auction process and the sale (if any) pursuant to such auction shall be subject to such further terms and conditions as the Bank may at its sole discretion deem fit to impose . If the borrower(s) mentioned above pays the amount due to the bank in terms of the Loan agreement in his individual loan account in full before the auction as mentioned above, the pledged ornaments securing the said loan may be withdrawn by the bank from the said auction without any further notice. Please note that it is the absolute discretionary power of the undersigned authorized officer of the Bank, either to postpone or to cancel the auction proceedings without prior notice and without assigning any reason therefore and to reject any or all the bids or offers without assigning any reason for the same.

Date : 16.12.2023,
Place : AGRA

Authorised Officer,
HDFC Bank Ltd.

दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

आगरा। थाना कमला नगर क्षेत्र के कृष्णा रेजीडेंसी बल्केश्वर निवासी अमित अग्रवाल पुत्र मुरारी लाल अग्रवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोप है कि अमित अग्रवाल ने अपनी भावी संग दुष्कर्म किया। पीडिता का आरोप है कि विगत एक दिसम्बर को देवर ने जबरन दुष्कर्म किया, ससुरालीजन दहेज को लेकर लगातार उत्पीडन कर रहे हैं। पीडिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

महिला पुलिसकर्मियों को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण

आगरा। पुलिस आयुक्त के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित ग्राउंड पर महिला पुलिसकर्मियों को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया गया। परेड ग्राउंड पर डॉ, किरण कश्यप सहायक पुलिस आयुक्त, कोतवाली-महिला सुरक्षा के नेत्रत्व में थानों पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों के लिए थानेवार दो माह का मार्शल आर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। शुक्रवार को डेढ दर्जन थानों की महिला पुलिसकर्मियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

पारिवारिक विवाद में किया एक-दूसरे पर हमला

आगरा। थाना जगदीशपुरा क्षेत्र बोदला चैकी के समीप पारिवारीक विवाद को लेकर परिवार के लोग आपस में भिड गए। एक-दूसरे पर हमला बोल दिया, हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया, जिसे पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। बोदला बस्ती निवासी मोनू कुशवाह और सतीश कुशवाह चचेरे भाई है। बताया गया है कि पूर्व में तंत्र-मंत्र को लेकर परिवार के किसी सदस्य की मौत हो चुकी है, इसी बात को लेकर चाचा-ताऊ के बीच मनमुटाव बना हुआ है। शुक्रवार को परिवार में विवाद हो गया। आरोप है कि मोनू ने अपने चचेरे भाई सतीश पर किसी धारदार हथियार से हमला बोल दिया, जिससे वह घायल हो गया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी कुशल पाल सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल को हॉस्पीटल में भर्ती कराया। पुलिस ने पीडित परिवार की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर मोनू के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानवीन में जुटी है।

पुलिस ने वारंटी को जेल भेजा

फतेहपुर सीकरी। थाना सीकरी पुलिस ने शुक्रवार को एक वारंटी को जेल भेज दिया। अभियुक्त लवकुमार पुत्र सुरेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी ग्राम अरुआ खास थाना अछनेरा, पंकज पुत्र भूपेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी ग्राम दौरेठा थाना कागारौल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपी के खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी हुआ था, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी थी। शुक्रवार को थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र दहिया ने वारन्टी लव कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

किसान की झौंपड़ी में लगी आग

फतेहपुर सिकरी। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव भडकोल में शुक्रवार को किसान की झोपड़ी में आग लग गई, जिससे उसका जरूरत का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने वमुश्किल आग पर काबू पाया, आग से हुए नुकसान की जानकारी तहसील प्रशासन को दी गई हैं। ग्राम भडकौल निवासी भीमसेन पुत्र रमला के घर अचानक आग लग जाने से गांव में अफरा तफरी मच गई। ,आग से किसान की झोपड़ी सहित खाने पीने का सामान जलकर राख हो गया। वमुश्किल ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने पीड़ित किसान की तहसील प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

ICICI Home Finance

कारपोरेट कार्यालय:-आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड,आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अन्धेरी-कुर्ला रोड, अन्धेरी (ईस्ट), मुम्बई-400059 इण्डिया।
शाखा कार्यालय:- ऑफिस नंबर-8, दूसरी मंजिल, सुमृद्धि बिजनेस सूट, 38/4-ए, संजय प्लेस आगरा- 282002

(देखें-नियम-8 (6) के प्राविधान)

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु सूचना

सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समेण्ट) रूल्स-2002 के नियम-8(6) के प्राविधानों सहित सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट-2002 के अर्न्तगत अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा कर्जदारों एवं गारण्टीदाताओं को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा सिक्योर्ड क्रेडिटर को बन्धक की गई/ प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया गया है तथा उसे नीचे दिये गये संक्षिप्त विवरण के अनुसार ***जैसा है जहां है तथा जो भी वहां है*** के आधार पर बिक्री की जायेगी।

क्र.सं.	कर्जदार/सहकर्जदारों/गारण्टीदाताओं/विधिक उत्तराधिकारियों के नाम ऋण खाता संख्या	ज्ञात प्रभारों यदि कोई है/सहित प्रतिभूतिव सम्पत्ति का विवरण	बकाया धनराशि	रिजर्व कीमत धरोहर धनराशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	नदीम अंसारी (कर्जदार) अर्शी अंसारी (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LHAGR00001340913 & LHAGR00001340912	प्रॉपर्टी वियरिंग मकान नं०-454/ए, स्थित मोहल्ला नई बस्ती फिरोजाबाद शहर, जिला फिरोजाबाद-283203	रू. 23,09,305/- 07 दिसम्बर 2023	रू. 17,55,270/- / रू. 1,75,530/-	21 दिसम्बर 2023 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	03 जनवरी 2024 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे

आनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टेक** के वेबसाइट (**URL Link-/https://BestAuctionDeal.com**) हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक पर संचालित की जायेगी/बंधक कर्जाओं को **02 जनवरी,2024 तथा अपराह्न-5.00 बजे** के पूर्व तक अतिरिक्त ब्याज सहित कुल बकाया का भुगतान करने के लिये अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है। अन्यथा इन सिक्योर्ड सम्पत्तियों को उपरोक्त शेड्यूल के अनुसार बिक्री कर दी जायेगी।

अपेक्षिक बिडर्स धरोहर धनराशि जमा (ई.एम.डी.) आर.टी.जी.एस./डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) (कालम/(ई) देखे) को **आई.सी.आई.सी.आई. होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड ऑफिस नंबर-8, दूसरी मंजिल, सुमृद्धि बिजनेस सूट, 38/4-ए, संजय प्लेस आगरा- 282002** पर **02 जनवरी,2024** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न 04.00 बजे** के पूर्व अवश्य जमा कर देवे/ कृपया ध्यान दे यदि अपेक्षित बिडर्स उपरोक्त समय के अनुसार अपने आफर जमा करने में असमर्थ होगे तब निविदा प्रपत्रों की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि **आई.सी.आई. सी. आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड ऑफिस नंबर-8, दूसरी मंजिल, सुमृद्धि बिजनेस सूट, 38/4-ए, संजय प्लेस आगरा- 282002** पर **02 जनवरी,2024** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न 5.00 बजे** पूर्व जमा किया जा सकता है। धरोहर धनराशि जमा डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी.डी.)**आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड-आक्शन** के पक्ष में **फिरोजाबाद** में देय किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक के **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड- स्थान फिरोजाबाद** के नाम होना चाहिये।

निरीक्षण, नीलामी की नियम तथा शर्ते अथवा निविदा के जमा के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड** से **9920807300** या हमारे सेल्स और मार्केटिंग हिस्सेदार **नैक्सजेन सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड** से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। विक्रय के विस्तृत नियम तथा शर्तों हेतु कृपया **https://www.icicihfc.com** देखें।

दिनांक: 16 दिसम्बर 2023
स्थान: फिरोजाबाद

अधिकृत अधिकारी
आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड

ग्राहकों को बेहतर सुविधा प्रदान की

आगरा। सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज अपनी चैंपियन सीरीज के पहले 5जी स्मार्टफोन, रियलमी सी67 5जी के लॉन्च की घोषणा की। रियलमी सी67 5जी में 5जी कनेक्टिविटी के साथ शानदार कैमरा, फास्ट चार्जिंग, शक्तिशाली बैटरी, आकर्षक डिजाईन, बेहतरीन 5जी चिपसेट और मल्टीटास्किंग एवं बड़ी स्टोरेज क्षमता के लिए विशाल रैम है, जिसके कारण यह 5जी चार्जिंग चैंपियन है। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा रियलमी में हम 5जी का अनुभव पूरे जनसमूह तक पहुँचाना चाहते हैं। हमारी चैंपियन सी सीरीज का पहला 5जी स्मार्टफोन, नया रियलमी सी67 5जी हमारी इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

गुणवत्ता के मानदंडों को पूरा किया

आगरा। बीएमडब्ल्यू ग्रुप ने भारत में अपने डीलरशिप के लिए नई रिटेल.नेक्स्ट अवधारणा पेश की। रिटेल.नेक्स्ट एक समग्र तथा प्रगतिशील दृष्टिकोण है जो ग्राहक-केन्द्रीयता, लचीलापन, सस्टेनेबिलिटी, और श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अनुभव पर केन्द्रित है। यह समग्र दृष्टिकोण न केवल नई डिजाईन पर आधारित है, बल्कि नई पद्धतियों, डिजिटल साधनों, और भूमिकाओं पर केन्द्रित भी है। यह पहला रिटेल.नेक्स्ट